उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

**गुरूवार, 04 चैत्र, शक संवत्, 1932**
**( दिनांक : 25 मार्च, 2010 )**
**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"** तथा **"ग"**)।

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

6. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

7. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

8. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

9. वित्तीय वर्ष 2010-2011 के आय-व्ययक की अनुदान मांगों पर चर्चा एवं मतदान :-

(1) पेयजल मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2011 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-13, जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 7481061 हजार (रूपये सात सौ अड़तालीस करोड़ दस लाख इक्सठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(2) श्रम मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2011 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-16, श्रम और रोजगार विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 534769 हजार (रूपये तिरपन करोड़ सैंतालीस लाख उन्हत्तर हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

(3) संसदीय कार्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2011 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-05, निर्वाचन विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 96724 हजार (रूपये नौ करोड़ सड़सठ लाख चौबीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

10. उत्तराखण्ड के मैदानी एवं पर्वतीय क्षेत्रों में चकबन्दी प्रक्रिया प्रारम्भ कराये जाने विषयक दिनांक 10 मार्च, 2010 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-03 के सम्बन्ध में श्री सुरेन्द्र राकेश, सदस्य विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

11. राज्य आन्दोलन के दौरान आन्दोलनकारियों पर सी0बी0आई0 द्वारा दर्ज मुकदमों एवं मुआवजे के रूप में पृथक पृथक दी गयी धनराशि विषयक दिनांक 21 दिसम्बर, 2009 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-10 के सम्बन्ध में श्री पुष्पेश त्रिपाठी, सदस्य विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

12. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

13. जनपद चम्पावत के अन्तर्गत टनकपुर में श्री पूर्णागिरि में फायर स्टेशन स्थापित करने की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 15 फरवरी, 2009 को करने के उपरान्त भी कार्यवाही न होने के संबंध में श्रीमती वीना महराना, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 22 मार्च, 2010 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

14. जनपद अल्मोड़ा के तहत प्रस्तावित विकास खण्ड जालली से लगी हुई लगभग 60 ग्राम सभाओं में लो-वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए तत्कालीन ऊर्जा मंत्री द्वारा 4 वर्ष पूर्व 33/11 के0वी0ए0 सब-स्टेशन बनाए जाने की घोषणा तथा तत्पश्चात विभाग द्वारा प्रस्ताव दिये जाने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारम्भ न किये जाने के संबंध में श्री पुष्पेश त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 22 मार्च, 2010 को नियम-53 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 25 मार्च, 2010**

**(महेश चन्द्र)**
**प्रमुख सचिव।**

# नत्थी 'घ'

## वित्तीय वर्ष 2010-11 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

**अनुदान संख्याः- 13 जलापूर्ति, आवास एवं शहरी विकास, 16 श्रम रोजगार, 05 निर्वाचन**

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| क- 1. डा0 हरक सिंह रावत,<br>2. श्री यशपाल आर्य,<br>3. श्री प्रीतम सिंह,<br>4. श्री महेन्द्र सिंह माहरा,<br>5. श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल,<br>6. श्रीमती अमृता रावत,<br>7. श्री दिनेश अग्रवाल,<br>8. श्री जोत सिंह गुनसोला,<br>9. श्री रणजीत सिंह रावत,<br>10. श्री तिलक राज बेहड़,<br>11. श्री बलवीर सिंह नेगी,<br>12. श्री किशोर उपाध्याय,<br>13. श्री गोपाल सिंह राणा,<br>14. कुंवर प्रणव सिंह "चैम्पियन"<br>15. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल,<br>16. श्री केदार सिंह रावत,<br>17. श्री राजेश जुवांठा,<br>18. श्री करन माहरा,<br>19. श्री मनोज तिवारी,<br>20. श्री मयूख महर, | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| ख- 1. मौ0 शहजाद,<br>2. श्री सुरेन्द्र राकेश,<br>3. हाजी तसलीम अहमद,<br>4. श्री नारायण पाल,<br>5. श्री हरिदास,<br>6. श्री प्रेमानन्द महाजन | -तदैव- |
| ग- 1. चौ0 यशवीर सिंह,<br>2. काजी निजामुद्दीन | -तदैव- |

प्रथम सत्र, 2010
का तृतीय गुरूवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 04 चैत्र, शक संवत्, 1932

## ( दिनांक : 25 मार्च, 2010 )

## नत्थी ''क''

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>05.03.2010 | ** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के जल विद्युत गृहों से एक वर्ष में कितने माह उत्पादन होता है तथा कितने माह उत्पादन नहीं होता है? क्या सरकार किसी अन्य विधि जैसे तापीय विद्युत गृह, आण्विक यूरेनियम आदि से कोई यूनिट लगाने पर विचार कर रही हैं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

# नत्थी "ख"

## उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम 31(4) के अन्तर्गत तृतीय गुरूवार हेतु निर्धारित प्राथमिकता प्राप्त तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>22.02.2010 | *1 क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान में कुल कृषि भूमि का कितना भाग पर्वतीय क्षेत्रों में बंजर स्वरूप ले रहा है तथा मैदानी क्षेत्रों में कृषि भूमि का कितना भाग अन्य प्रयोजनों हेतु दिया जा रहा है? क्या सरकार कोई ठोस कार्यवाही करते हुए कृषि कार्यों हेतु भूमि को बचाने का कार्य करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **कृषि** |

# नत्थी "ग"

## तारांकित प्रश्न

श्री जोत सिंह गुनसोला
23.02.2010

*1. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में दुग्ध सहकारी समितियों व अन्य दुग्ध उत्पादकों द्वारा कुल कितना दुग्ध उत्पादन किया जा रहा है? प्रदेश की प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन आय कुल कितनी है तथा प्रदेश में दुग्ध अभिशीतन प्लांट कुल कितने हैं इनमें से कितने बन्द है तथा कितने कार्य कर रहे हैं? क्या सरकार खराब दुग्ध अभिशीतन प्लांटस को ठीक करवाकर इनका उपयोग करेगी? क्या सरकार दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर विचार कर रही है?

दुग्ध विकास

श्री ओम गोपाल रावत
23.02.2010

*2. क्या होमगार्ड/कारागार मंत्री अवगत हैं कि एक वर्ष में होमगार्ड के जवानों को केवल दो या तीन माह की ही ड्यूटी के समय रूपये 100 प्रतिदिन पारिश्रमिक दिया जाता है जो कि निवास स्थान से दूर ड्यूटी लगने के परिणाम स्वरूप खाने एवं रहने में ही खर्च हो जाता है? क्या यह सत्य है कि उपरोक्त के अतिरिक्त होमगार्ड के जवानों का आय का कोई अन्य स्रोत नही है फलस्वरूप उन्हें अपने परिवार के भरण–पोषण में काफी परेशानियों का सामना करना पडता है? यदि हां, तो क्या सरकार होमगार्डों की समस्याओं के निराकरण एवं रोस्टर प्रणाली समाप्त करने पर गम्भीरता पूर्वक विचार करेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

कारागार

श्री जोत सिंह गुनसोला
26.02.2010

*3. क्या उद्यान एवं फलोद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकारी व गैर सरकारी कुल कितने उद्यान हैं तथा अलग–अलग किस्म के फलों का कितना–कितना उत्पादन प्रतिवर्ष होता है? क्या इससे होने वाली आय को सरकार बढ़ाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या सरकार उद्यान पतियों के हितों की रक्षा के लिए प्रदेश में उद्यान एवं वानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना करेगी?

उद्यान

## अतारांकित प्रश्न

श्री जोत सिंह गुनसोला
22.02.2010

1. क्या पशुपालन मंत्री अवगत हैं कि पशुओं की अलग–अलग जातियों व प्रजातियों में नस्ल सुधार कार्यक्रम का लाभ पशुपालकों को मिला हैं? यदि हां, तो कुल कितने पशुओं को इस परिधि में सम्मिलित किया गया है तथा इसके फलस्वरूप क्या पशुपालकों का आर्थिक उन्नयन भी हुआ है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

पशुपालन

| | | |
|---|---|---|
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>22.02.2010 | **2.** क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगरीय क्षेत्रों व विद्युतीकृत गांवों में रहने वाले नागरिकों को वैकल्पिक ऊर्जा की सुविधा सब्सिडी के साथ प्रदान किये जाने पर सरकार विचार करेगी? क्या शहरी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को विद्युत लाईन आपूर्ति के स्थान पर वैकल्पिक ऊर्जा की इस्तेमाल की अनुमति प्रदान किये जाने की योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | **वैकल्पिक ऊर्जा** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>23.02.2010 | **3.** क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार 73वें संविधान संशोधन के अनुकूल प्रदेश में लागू वर्तमान पंचायती राज अधिनियम में आवश्यक संशोधन कर कब तक नया "पंचायती राज अधिनियम उत्तराखण्ड" में पारित करवायेगी? | **पंचायती राज** |
| श्री दिनेश अग्रवाल<br>22.02.2010 | **4.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय बायोटेक्नोलॉजी केन्द्र, हल्दी जिला ऊधमसिंह नगर में निदेशक के पद पर कौन कार्यरत है, तथा उनकी शैक्षिक योग्यता तथा इस पद के लिए अर्हता क्या है? | **चतुर्थ सोमवार के अतांराकित 1 में स्थानान्तरित** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>26.02.2010 | **5.** क्या मत्स्य पालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सभी जलाशयों में प्रतिवर्ष कितना मत्स्य पालन होता है तथा इससे कुल कितनी आय होती है? क्या सरकार छोटी–छोटी नदियों में फिशिंग का परमिट निर्गत करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **मत्स्य पालन** |
| श्री जोत सिंह गुनसोला<br>03.03.2010 | **6.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश में चारा बैंकों की स्थापना कहां–कहां पर की गयी है तथा अब तक कितनी महिलाओं को इसके अन्तर्गत चारा ढोने में राहत प्रदान की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **चतुर्थ गुरूवार के अतांराकित 1 में स्थानान्तरित** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>03.03.2010 | **7.** क्या पशुपालन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के ग्राम बड़ूढ़ के नाम से स्वीकृत पशु चिकित्सालय स्वीकृत स्थान पर संचालित नहीं किया जा रहा है? यदि हां, तो चिकित्सालय को स्वीकृत स्थान की बजाय अन्यत्र संचालित करने का औचित्य क्या है तथा उक्त पशु चिकित्सालय का संचालन स्वीकृत स्थान पर कब से प्रारम्भ किया जायेगा? | **पशुपालन** |